
CCI NG 3.7 Product: HelloDelhiBS PubDate: 14-03-2026 Zone: HelloDelhi Edition: 1 Page: HDINDRAD User: cci Time: 03-13-2026 15:12 Color:



# नवाज़ुद्दीन ने पैतृक कस्बे बुढ़ाना में खरीदी 50 बीघा खेती की जमीन



पैतृक कस्बे बुढ़ाना के तहसील कार्यालय में जमीन खरीद की औपचारिकताएं पूरी करते नवाजुद्दीन सिद्दीकी

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में 50 बीघा जमीन खरीदी है। यह जमीन उनके पैतृक कस्बे बुढ़ाना के गांव हुसैनपुर कलां क्षेत्र में है और खेती योग्य है। हाल ही में इस जमीन का बैनामा कराने के लिए वह अपने परिवार के साथ तहसील पहुंचे और जरूरी औपचारिकताएं पूरी कीं। इसका एक विडियो भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि नवाज इस साल की ईद अपने पैतृक घर में मनाने के लिए वहां रुक सकते हैं।

गुरुवार दोपहर नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपने भाई फैजुद्दीन सिद्दीकी के साथ बुढ़ाना स्थित पैतृक घर पहुंचे। वहां उन्होंने सबसे पहले अपनी मां मेहरुन्निसा से मुलाकात की और फिर भाइयों अलमासुद्दीन सिद्दीकी और मासुद्दीन सिद्दीकी से बातचीत की। इसके बाद सभी लोग कार से तहसील परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने अपने एडवोकेट से बातचीत की। इसके बाद ऐक्टर ने सब-रजिस्ट्रार पंकज कुमार जैन की मौजूदगी में जमीन के बैनामे की प्रक्रिया पूरी की।


## फैंस में सेल्फी की होड़

नवाजुद्दीन के तहसील पहुंचने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में फैंस वहां पहुंच गए। कई लोगों ने उनसे मुलाकात की और उनके साथ सेल्फी भी ली। नवाज भी वहां कुछ समय तक फैंस के साथ रहे और फिर वहां से निकल गए। मूल रूप से बुढ़ाना के रहने वाले नवाजुद्दीन सिद्दीकी अक्सर अपने गांव से जुड़े रहते हैं। इससे पहले भी वह खेती करने में दिलचस्पी दिखा चुके हैं और किसानों के साथ समय बिताते नजर आए हैं। कुछ साल पहले उन्होंने अपनी जमीन पर पौधरोपण भी किया था। हालांकि तीन साल पहले पारिवारिक विवाद के कारण वह कुछ समय तक बुढ़ाना से दूर रहे थे। अब एक बार फिर वह यहां से जुड़ रहे हैं।

## तुम्बाड 2 में दिखेगा अलग अंदाज

नवाजुद्दीन सिद्दीकी आने वाले समय में कई अलग-अलग तरह की फिल्मों में नजर आने वाले हैं। उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म तुम्बाड 2 को लेकर दर्शकों में खास उत्साह है। इससे पहले नवाजुद्दीन ने गैंग्स ऑफ वासेपुर, मांझी: द माउंटेन मैन, बदलापुर और सेक्रेड गेम्स जैसी फिल्मों और सीरीज से खास पहचान बनाई है। इसके अलावा रमन राघव 2.0, रात अकेली है और सीरियस मैन में भी उनकी ऐक्टिंग की खूब सराहना हुई। फिल्म मंटो में लेखक सआदत हसन मंटो की भूमिका के लिए उन्हें साल 2018 में बेस्ट ऐक्टर का पुरस्कार भी मिला था।

# नजदीकी दोस्त के निधन पर भावुक हो गए अमिताभ



अमिताभ बच्चन ने अपने एक करीबी दोस्त के निधन पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने अपने ब्लॉग में भावुक संदेश लिखते हुए कहा कि एक-एक कर उनके कई पुराने साथी उन्हें छोड़कर जा रहे हैं। अमिताभ बच्चन ने लिखा, ' मैंने एक और प्यारा दोस्त खो दिया। एक ऐसा व्यक्ति जो असीम स्नेह और विनोद से परिपूर्ण था। हर परिस्थिति में दृढ़ निश्चयी... सबसे कठिन परिस्थितियों से भी निकलने का रास्ता खोज लेता था। उनके चेहरे पर हमेशा मुस्कान रहती थी। विश्वास ही नहीं होता कि वह अब हमारे बीच नहीं है। एक-एक करके सब हमें छोड़कर चले जाते हैं।' इस पोस्ट के साथ अमिताभ ने रोने वाला इमोजी बनाया है। हालांकि अमिताभ बच्चन ने अपने उस दोस्त के बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है। अमिताभ बच्चन के इस पोस्ट पर कई फैंस उन्हें हिम्मत दे रहे हैं। उन्हें दुख की घड़ी में अपना हौसला बनाए रखने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

> मैंने एक और प्यारा दोस्त खो दिया। एक ऐसा व्यक्ति जो असीम स्नेह से परिपूर्ण था। एक-एक कर सब साथ छोड़ रहे हैं

# ऑस्कर जीतने से आप रातों-रात अमीर नहीं बनते: गुनीत

ऑस्कर जीत चुकीं गुनीत मोंगा का कहना है कि ऑस्कर जीतने से अचानक पैसा या आर्थिक सुरक्षा नहीं मिलती, बल्कि इससे पहचान और सम्मान मिलता है। उनके मुताबिक अगर किसी को सिनेमा से सच्चा प्यार हो तो वह कला और कारोबार के बीच बैलेंस बनाना सीख जाता है। एक बातचीत में उन्होंने कहा 'इस सम्मान ने भारतीय कहानियों को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है और दुनिया भर के दर्शक अब भारतीय कहानियों के प्रति ज्यादा उत्सुक हो गए हैं।' उन्होंने कहा 'ऑस्कर जीतने के बाद मेरे लिए कई नए अवसर खुले, लेकिन इसके साथ ही जिम्मेदारियां और उम्मीदें भी बढ़ गईं। ऑस्कर जीतकर रातों-रात अमीर नहीं बनते और न ही वैश्विक पहचान अचानक नहीं मिलती, इसके पीछे लोकल सपोर्ट, अच्छे साझेदार और लगातार मेहनत की जरूरत होती है।' उन्होंने ने यह भी कहा 'भारत में डॉक्यूमेंट्री फिल्मों के लिए अभी भी पर्याप्त आर्थिक सहयोग नहीं है। इस क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए मजबूत फंडिंग और बेहतर व्यवस्था की जरूरत है।' उन्होंने बताया कि उनकी टीम कभी पुरस्कार के लिए फिल्में नहीं बनाती। उनका ध्यान मजबूत कहानियों को सामने लाने पर रहता है।





**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in